# ईद-उल-अजहा पर मस्जिदों में विशेष नमाज अदा कर खुशहाली मांगी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 28 मई.** ईद-उल-अजहा का पर्व साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ मनाया गया। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की ईदगाहों व प्रमुख मस्जिदों में सुबह से ही नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने विशेष नमाज अदा कर देश में अमन-चैन, भाईचारे, तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी।

ईद-उल-अजहा की विशेष नमाज शहर की प्रमुख मस्जिदों और ईदगाहों में अदा की गई। इनमें जामा मस्जिद मुरार, शाही जामा मस्जिद चौक बाजार, ईदगाह मुरार, उस्मानिया मस्जिद



गेंडेवाली सड़क, नौगजा रोड स्थित मस्जिद, सिकंदर कम्पू मस्जिद, नूर मस्जिद,घोसीपुरा, अरब साहब मस्जिद कुम्हरपुरा, शमशेर खां भैया मस्जिद और मोती मस्जिद शामिल हैं। ईद की नमाज के बाद शहर में गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल देखने को मिली। विभिन्न धर्मों के लोग मस्जिदों के बाहर मुस्लिम समुदाय के लोगों का इंतजार करते दिखे। नमाज समाप्त होने पर लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी प्रेम व भाईचारे का संदेश दिया। बच्चों और युवाओं में इस दौरान विशेष उत्साह देखा गया।

### संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात

त्योहार को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की थी। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। नमाज के समय लोगों की सुविधा के लिए शहर के कई इलाकों में यातायात व्यवस्था में अस्थायी परिवर्तन भी किए गए, ताकि नमाजियों को कोई परेशानी न हो।



# लायंस क्लब आर्यन की नवीन कार्यकारिणी घोषित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 28 मई.** इंटरनेशनल लायंस क्लब आर्यन द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। क्लब की मेंटोर लायन गुरप्रीत कौर की गरिमामयी देखरेख और मार्गदर्शन में सर्वसम्मति से नई टीम का चयन संपन्न हुआ।नवीन कार्यकारिणी में लायन नूपुर गोयल को अध्यक्ष, लायन कल्पना जैन को सचिव और लायन भावना

**नूपुर अध्यक्ष, कल्पना सचिव,भावना बनीं कोषाध्यक्ष**

सुखवानी को कोषाध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई टीम ने क्लब के सेवा कार्यों को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में मुख्य रूप से एमजेएफ लायन डॉ. मीरा जैन, पूर्व अध्यक्ष लायन किरण सोनी, लायन निरुपमा भटनागर और लायन सहज ढींगरा उपस्थित रहीं।

# चार्ज अधिकारी जनगणना का दायित्व संभालेंगे अभिषेक

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 28 मई.** जनगणना कार्य में लापरवाही एवं कार्य में लापरवाही पर निलंबित किए गए क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 22 के तत्कालीन चार्ज अधिकारी एवं उपयंत्री उत्पल सिंह भदौरिया पर परिनिंदा शास्ति अधिरोपित की जाकर निगम सेवा में बहाल किया गया है, उन्हें क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 22 के क्षेत्राधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। वहीं उपयंत्री अभिषेक ठाकुर को क्षेत्राधिकारी के दायित्व से मुक्त किया गया है तथा वे पूर्ववत चार्ज अधिकारी जनगणना का कार्य संपादित करते रहेंगे।

निगमायुक्त संघ प्रिय द्वारा जारी आदेश अनुसार 5 मई 2026 को आयोजित चार्ज अधिकारियों की बैठक में पाया गया कि क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 22 अंतर्गत 107 ए.एल.बी. में से 70 से अधिक ए.एल.बी. में कार्य प्रारंभ नहीं हुआ था। वहीं 6 मई 2026 की शाम तक भी 46 ए.एल.बी. में कार्य प्रारंभ नहीं होने की स्थिति सामने आई। निरीक्षण के दौरान जनगणना निदेशालय के प्रतिनिधि द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय का भ्रमण किया गया, जिसमें भदौरिया कार्यस्थल पर अनुपस्थित पाए गए। साथ ही अधिक मकानों की संख्या दर्शाकर बड़े ब्लॉक काटे जाने की अनियमितता भी सामने आई।

मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्यालयीन आदेश 6 मई द्वारा भदौरिया को निलंबित कर 11 मई 2026 को आरोप पत्र जारी किया गया था। भदौरिया द्वारा 20 मई 2026 को अपना प्रतिवाद प्रस्तुत किया गया। प्रतिवाद पर विचारोपरांत मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 10(एक) के अंतर्गत उन्हें परिनिंदा दंड से दंडित किया गया है।

इसके साथ ही निलंबन अवधि को कर्तव्य अवधि मान्य करते हुए उत्पल सिंह भदौरिया को पुनः निगम सेवा में बहाल कर क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 22 का दायित्व सौंपा गया है। वहीं उपयंत्री अभिषेक ठाकुर को क्षेत्राधिकारी के दायित्व से मुक्त किया गया है तथा वे पूर्ववत चार्ज अधिकारी जनगणना का कार्य संपादित करते रहेंगे।

# पद्मिनी एकादशी पर दिखा आस्था का सैलाब, भक्तों ने मंदिरों में टेका माथा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 28 मई.** सनातन धर्म में अत्यंत पवित्र और फलदायी मानी जाने वाली पद्मिनी एकादशी (जिसे कमला एकादशी भी कहा जाता है) के अवसर पर कांच

**पद्मिनी एकादशी व्रत का हुआ समापन**

मिल स्थित श्याम हवेली मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। अधिक मास या पुरुषोत्तम मास के शुक्ल पक्ष में आने वाली यह एकादशी हर तीन वर्ष में एक बार आती है, जिसके चलते भक्तों में विशेष उत्साह देखा गया।

### भक्तिमय हुआ वातावरण, सुबह से ही लगी भीड़

भगवान विष्णु को समर्पित इस पावन पर्व पर अलसुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर परिसर में पहुंचने लगी थी। मंदिर के भीतर और बाहर 'जय श्री श्याम' के जयघोष से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। संस्था के सदस्य सुनील कट्ठल ने जानकारी दी कि पद्मिनी एकादशी के अवसर पर प्रातःकाल भगवान बाबा खाटू श्याम का विधि-विधान से अभिषेक किया गया, जिसके बाद भव्य आरती संपन्न



हुई।

**छप्पन भोग और भजन संध्या का आयोजन-** मंदिरों पर भक्तों की आस्था को देखते हुए दिन भर विशेष अनुष्ठान किए गए। श्याम मंदिर पर हुए कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सुनील कठठल ने बताया कि संध्या के समय बाबा को 'छप्पन भोग' का प्रसाद अर्पित किया जाएगा। इसके



उपरांत देर रात तक चलने वाली एक भव्य भजन संध्या का आयोजन भी किया गया है, जिसमें श्रद्धालु बाबा का गुणगान किया।

**श्रद्धालुओं ने साझा की अपनी आस्था**

पद्मिनी एकादशी के महत्व को रेखांकित करते हुए स्थानीय भक्तों ने अपनी अटूट आस्था व्यक्त की। वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता मुक्तेश जैन ने कहा, 'मैं पिछले दो वर्षों से अपने परिवार सहित यहाँ बाबा का आशीर्वाद लेने आ रहा हूँ। बाबा खाटू श्याम भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करते हैं।' वहीं, नियमित भक्त रश्मि शिवहरे ने भावुक होकर बताया कि उनकी सफलता के पीछे बाबा की असीम कृपा है। उन्होंने कहा, 'मैं काफी समय से प्रतिदिन यहाँ बाबा का आशीर्वाद लेने आती हूँ। आज मैं जो कुछ भी हूँ, वह केवल और केवल बाबा की कृपा का ही परिणाम है।'

**श्री सनातन धर्म मंदिर पर भव्य श्रृंगार व भजन-संकीर्तन-** श्री सनातन धर्म मंदिर में पद्मिनी एकादशी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर अध्यक्ष विजय गोयल, सचिव रमेश चंद्र गोयल 'लल्ला' और कोषाध्यक्ष राकेश बंसल के सान्निध्य में भगवान चक्रधर व श्री गिरिराज धरण का मनमोहक श्रृंगार किया गया। मुख्य पुजारी पं. रमाकांत शास्त्री ने ठाकुरजी को सुनहरी पगड़ी व दिव्य आभूषणों से अलंकृत किया। इस अवसर पर व्रत कथा का श्रवण, फलाहारी भोग का





अर्पण और भजन-संकीर्तन का आयोजन हुआ। परिक्रमा के पश्चात संध्या आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

**एकादशी का उद्यापन का आयोजन-** लक्ष्मीबाई कॉलोनी में धौलू मीना पाठक परिवार ने 'एकादशी उद्यापन' किया. यह आयोजन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस धार्मिक अनुष्ठान में यजमानों ने जोड़ियों में बैठकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम के दौरान पाठक परिवार के सदस्यों ने पूरी निष्ठा से अनुष्ठान में भाग लिया।

यजमानों को 'सोलपहार' (विशिष्ट नाश्ता/भोजन) कराया गया। द्वितीय दिवस भोज का आयोजन हुआ. जिसमें उपस्थित लोगों को ढेरों उपहार भेंट किए गए।

# कलेक्टर ने पेट्रोल पंप पर 6 महिलाओं को बनाया शक्ति दीदी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 28 मई.** ग्वालियर जिले में महिला सशक्तिकरण की नई इबारत लिखी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप हुए 'शक्ति

**अब तक 118 जरूरतमंद महिलाएं शक्ति दीदी के रूप में बनीं आत्मनिर्भर**

दीदी' नवाचार के तहत जरूरतमंद महिलाएँ पेट्रोल पंपों पर फ्यूल डिलेवरी वर्कर का मोर्चा संभाल कर आत्मनिर्भर बन रहीं हैं । गुरुवार 28 मई को 6 जरूरतमंद महिलायें 'शक्ति दीदी' बनी । जिले में अब तक 118 जरूरतमंद महिलायें शक्ति दीदी नवाचार के



माध्यम से आत्मनिर्भर हो चुकी हैं। कलेक्टर रुचिका चौहान ने गुरुवार को रेसकोर्स रोड स्थित सैनिक फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप पर गायत्री को और केसर फिलिंग स्टेशन पर प्रवीणा को शक्ति दीदी के रूप में फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने फूल मालायें पहनाकर शक्ति दीदियों का स्वागत किया। साथ ही शक्ति दीदी की जैकेट पहनाई।

कलेक्टर ने शक्ति दीदियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप सब आत्मविश्वास के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करें। जिला प्रशासन व पुलिस आप सबकी मदद के लिये तत्पर है। उन्होंने पेट्रोल पंप संचालक को भी निर्देश दिए कि शक्ति दीदियों को कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। इस मौके पर सहायक संचालक महिला बाल विकास राहुल पाठक एवं सहायक जिला आपूर्ति अधिकारी सौरभ जैन भी उपस्थित रहे। इसी तरह जिले के विभिन्न अधिकारियों द्वारा बड़ागांव स्थित कामतानाथ फिलिंग स्टेशन पर कल्पना, कम्पू स्थित सुविधा फ्यूल्स पर सोनम व संध्या एवं गोले का मंदिर स्थित इन्द्रप्रस्थ फिलिंग स्टेशन पर अनुराधा को शक्ति दीदी की जिम्मेदारी सौंपी।

# लोडिंग वाहन से अवैध हथियार और चोरी का बिजली तार बरामद

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 28 मई.** वाहन चेकिंग के दौरान गोला का मंदिर पुलिस ने अवैध हथियारों और चोरी के माल के साथ दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 315 बोर का देशी कट्टा, कारतूस और लगभग 150 किलोग्राम चोरी का बिजली का तार बरामद किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के तहत, पुलिस टीम 27 मई को सरला फार्म रोड तिराहे पर वाहनों की जांच कर रही थी। तभी एक लोडिंग वाहन आता दिखाई दिया। पुलिस को देख चालक वाहन को वापस मोड़ने की कोशिश करने लगा, जिसे टीम ने घेराबंदी कर रोक लिया। इस दौरान एक व्यक्ति मौके से भागने में सफल रहा।

**अवैध हथियार व चोरी का माल जब्त-** पकड़े गए आरोपियों की पहचान अभिलाख सिंह जाटव (निवासी गोहद) और दशरथ सिंह गुर्जर (निवासी मालनपुर) के रूप में हुई है। तलाशी लेने पर दशरथ सिंह गुर्जर के पास से एक 315 बोर का देशी कट्टा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ। वहीं, वाहन की तलाशी में लगभग 150 किलो बिजली का तार मिला, जिसे आरोपियों ने चोरी का होना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर वाहन और चोरी का माल जब्त कर लिया है।

फरार तीसरे आरोपी रोहिणी रावत की तलाश जारी है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर अन्य चोरी की घटनाओं के खुलासे में जुटी है।




# आतंकवाद संपूर्ण मानवता के लिए खतरा : कर्नल पुष्पविंदर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 28 मई.** आईटीएम यूनिवर्सिटी में आतंकवाद विरोधी दिवस के उपलक्ष्य में 'राष्ट्रीय एकता एवं अहिंसा' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी थीम 'एकता, शांति एवं राष्ट्रीय

**आईटीएम में 'राष्ट्रीय एकता एवं अहिंसा' पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

सुरक्षा रही। इस दौरान आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता का सशक्त संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कर्नल पुष्पविंदर कौर शामिल हुईं। कार्यक्रम में डीन अकादमिक डॉ. रंजीत सिंह तोमर, डीन एसओईटी प्रोफेसर मुकेश पांडेय, डीएसडब्ल्यू तृप्ति पाठक, लेफ्टिनेंट अमनदीप कौर, सूबेदार मेजर बलवान सिंह, सूबेदार मेजर देशराज, लक्ष्मी सिंह, कमलप्रीत



कौर, एनएसएस समन्वयक डॉ. सविता चौहान, आईक्यूएसी निदेशक डॉ. वाणी अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और एनसीसी कैडेट्स व छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम का संचालन मयंक दुबे द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कर्नल पुष्पविंदर कौर ने कहा कि देश की एकता, शांति और मानवता की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अनुशासन, जिम्मेदारी, सहिष्णुता एवं भाईचारे की भावना को अपने जीवन में अपनाने का आव्हान किया।

**युवा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाएं: तृप्ति पाठक-** कार्यक्रम में आईटीएम यूनिवर्सिटी की डीएसडब्ल्यू तृप्ति पाठक ने कहा कि आतंकवाद विरोधी दिवस जैसे आयोजन युवाओं में राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय सुरक्षा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूकता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेट्स एवं विभिन्न संस्थानों से आए छात्र-छात्राओं ने आतंकवाद विरोध, राष्ट्रीय एकता, सुरक्षा, अनुशासन एवं सामाजिक सद्भाव जैसे विषयों पर जोर देते हुए अपने-अपने विचार प्रस्तुत किया। विचार प्रस्तुत करने वालों में सुवो कविता सोनी, कैडेट वैष्णवी, कैडेट तमन्ना सिंह, सुवा मुस्कान तोमर, कैडेट नेहा बघेल, कैडेट तपस्या सिंह, कैडेट रिया शर्मा और कैडेट अनुष्का ने युवाओं को राष्ट्र की सुरक्षा एवं एकता के लिए जागरूक रहने का संदेश दिया। वहीं अंत में एनएसएस समन्वयक डॉ. सविता चौहान ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# सोलर रूफटॉप संयंत्र लगाने के लिए हस्ताक्षर कार्यक्रम आज

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 28 मई.** 'प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना' के तहत जिले के सभी शासकीय भवनों पर रेस्को मोड के माध्यम से सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत शासकीय कार्यालय बिना किसी प्रारंभिक निवेश के सौर ऊर्जा का लाभ प्राप्त कर सकेंगे और ऊर्जा बचत के साथ 'नेट जीरो' लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ेंगे।

इस परियोजना के तहत संबंधित विभागों के आहरण एवं संवितरण अधिकारी, ऊर्जा विकास निगम तथा रेस्को विकासक के मध्य त्रिपक्षीय पावर पर्चेस एग्रीमेंट किए जाएंगे। इस संबंध में पीपीए हस्ताक्षर कार्यक्रम का आयोजन आज 29 मई को प्रातः 11:30 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया है। कलेक्टर रुचिका चौहान द्वारा जिले के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित समय पर कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। यह परियोजना शासन की उच्च प्राथमिकता वाली योजना है। परियोजना एवं पीपीए हस्ताक्षर कार्यक्रम से संबंधित अधिक जानकारी के लिए जिला अक्षय ऊर्जा अधिकारी तरूण गुर्जर से मोबाइल नंबर 9754274119 पर संपर्क किया जा सकता है।

